प्रेस नोट

जनपद संत रविदासनगर (भदोही)

दिनांक: 12.11.2026

◆ "आपरेशन क्लीन-2" के तहत जनपद के विभिन्न थानों (ज्ञानपुर, गोपीगंज, चौरी व ऊँज) पर लावारिस/दाखिल स्थिति में खड़े कुल-70 वाहनों की नियमानुसार की गई नीलामी

◆ वाहनों की नीलामी से कुल धनराशि मय ₹52,28,500/- (52 लाख 28 हजार 500 रुपये) के राजस्व की हुई प्राप्ति

श्रीमान् पुलिस महानिदेशक लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान "आपरेशन क्लीन-2" के तहत श्री अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के आदेश के क्रम में आज दिनांक-12.11.2026 को प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण की संयुक्त कमेटी द्वारा आयोजित नीलामी की कार्यवाही के दौरान जनपद के 04 थानों के कुल-70 वाहनों की विधि सम्मत तरीके से नीलामी करायी गयी। इस नीलामी प्रक्रिया में कुल 57 बोलीदाताओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। वाहनों की नीलामी से कुल धनराशि ₹52,28,500/- (52 लाख 28 हजार 500 रुपये) के राजस्व की प्राप्ति हुई, जिसको राजकीय कोषागार में जमा कराया जायेगा।

नीलामी का थानावार विवरण निम्नवत है:-

1.थाना ज्ञानपुर: 18 वाहन – ₹3,35,000/-

2.थाना गोपीगंज: 43 वाहन – ₹40,05,000/-

3.थाना चौरी: 05 वाहन – ₹1,66,000/-

4.थाना ऊँज: 04 वाहन – ₹7,22,500/-

सम्पूर्ण योग: 70 वाहन – ₹52,28,500/-